तापमान
अधिकतम 20.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 24 दिसंबर 2023

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

13 छात्रों ने किया माता खल्लारी का दर्शन



14 खेलकूद स्पर्धा में छात्रों ने दिखाया हुनर



**अतिशीघ्र आवश्यकता है**
20-पद फायरमैन/ 10-सेफ्टी ऑफिसर एवं 20- अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस, 10-पद इलेक्ट्रिकल, योग्यता-Fire-Safety डिप्लोमा/ITI, अनुभवी एवं फ्रेशर, कद-168cm, उम्र 22 वर्ष, 50-पद-सिक्योरिटी गार्ड 10th पास फ्रेशर कद-168cm, उम्र 20 वर्ष, 20-पद-सिक्योरिटी सुपरवाइजर ग्रेजुएट अनुभव 6 माह, कद-170cm उम्र 22 वर्ष, कार्यस्थल :- संपूर्ण छत्तीसगढ़
भार्ती-दिनांक 26 एवं 27 12.2023
पता :- फायर सेफ्टी इंस्टिट्यूट, कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल सुपेला. भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मोबाइल :-76972-12782

# गुरु बाबा के मनखे-मनखे एक समान के उपदेश को सभी स्वीकारे : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

गुरु घासीदास जयंती महोत्सव पर आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ में जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भटगांव से लगे ग्राम घाना की पंथी पार्टी ने प्रथम पुरस्कार जीता। टीम में साधना, तनु, विरा, जिया, श्वेता, वर्षा, प्रिया और सोनिया कोमल शामिल थे। द्वितीय पुरस्कार सतनामी ग्रुप कन्या शाला सारंगढ़ और तृतीय पुरस्कार सतनाम पंथी पार्टी छिंद को मिला। मंच संचालन शिक्षाविद प्रियंका गोस्वामी ने किया।

## जिला स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार घाना के कोमल बहनों ने जीता



### सत्य ही मानव का आभूषण है

अतिथि अरविंद हरिप्रिया ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के जीवन दर्शन का सार 'सत्य ही मानव का आभूषण है'। विधायक बिलाईगढ़ कविता प्राण लहरे ने कहा कि मेरा विधानसभा बिलाईगढ़ बाबा का जन्मस्थली और तपोभूमि है। उनके उपदेश 'मनखे–मनखे एक समान' को सभी स्वीकार करें। कार्यक्रम में जिला पंचायत रायगढ़ सभापति अनिका भारद्वाज, तेजराम सिदार, पुनीराम बर्मन, दीनानाथ खुंटे, नेहरूलाल बंजारे, दीपक थवाईत, मनोज जायसवाल, मनोज किशोर केसरिया, परिमल, डोरीलाल और शिवम चन्द्रा, हेमलता जोल्हे, सहायक आयुक्त आशीष बैनर्जी, महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी अधिकारी विजेन्द्र ठाकुर, विमल अजगल्ले सहित अन्य सहयोगी कर्मचारी एवं अतिथिगण उपस्थित थे।

निर्णायक मंडल में जगन्नाथ केशवानी, मानिक लाल मेहर और संतराम धृतलहरे शामिल थे।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. छबिलाल रात्रे, केराबाई मनहर सहित शिवकुमारी चौहान, देवकुमारी लहरे, जीवराज प्रकाश रात्रे, नेहरूलाल बंजारे, कृष्णलाल अजगल्ले शामिल हुए। कार्यक्रम का स्वागत पंथी नृत्य प्री–मैट्रिक बालिका छात्रवास सारंगढ़ के छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कामदा जोल्हे ने कहा कि यह धरती बाबा गुरु घासीदास की है। उनके जीवन से जुड़े किस्सों को पारंपरिक पंथी नृत्य के माध्यम से करते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा यह प्रतियोगिता जिला और राज्य स्तर पर की जा रही है, जो प्रशंसनीय है।

## खबर संक्षेप

### गांजा पीने पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक युवक ने तीन लड़कों के खिलाफ गांजा पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक हर्ष साहू ने उदय तथा उसके दो साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। हर्ष ने पुलिस को बताया कि उदय तथा उसके साथी उससे गांजा पीने के लिए पैसों की मांग कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री साय ने बस हादसे पर जताया दुख, चार-चार लाख आर्थिक सहायता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिले के मरकाटोला घाट में हुए यात्री बस हादसे में मृतक तीन यात्रियों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा घायलों को समुचित उपचार मुहैया कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दुर्घटना में दिवंगतों के परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा है कि बालोद जिले में सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने इस दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

### ट्रैक्टर की ठोकर से घायल व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की ठोकर से घायल हुए 44 साल के एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर क्र सीजी 06 डब्लू 6454 के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर तुरेंगा रोड के पास ग्राम बावनकेरा के रहने वाले मोहम्मद शकील खान पिता जहीब खान 44 साल के बाइक को ठोकर मार दिया, जिसके चलते गंभीर चोट आने पर शकील खान को अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस बाइक के पीछे बैठे कादर खान को भी चोटें आई थी। रिपोर्ट पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सभी के सहयोग और मार्गदर्शन से किया जाएगा क्षेत्र का विकास

## नगर में ऐतिहासिक स्वागत पर भाव-विभोर हुए मंत्री टंकराम, फल और लड्डुओं से तौले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रदेश में केबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के पश्चात शनिवार को टंकराम वर्मा पहली बार अपने निर्वाचन क्षेत्र बलौदाबाजार पहुंचे, जहां नगरवासियों की ओर से उनका भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। रायपुर से अपने गृहग्राम चांपा होते हुए नगर में प्रवेश कर सबसे पहले श्रीवर्मा षष्ठी देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे। वहां विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे सैकड़ों की तादात में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्री वर्मा का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने सभी से क्षेत्र के विकास में सहयोग एवं मार्गदर्शन से कार्य करने की बात कही। उन्होंने भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके द्वारा व्यक्त विश्वास पर मैं सदा खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

विधायक निर्वाचित होने और मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने पर शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय से निकली आभार रैली मुख्य मार्ग से गुजरते हुए पुराना बस स्टैड, मौली मंदिर, पुरानी बस्ती, मंडी राड, नेहरू चौक, बजरंग चौक, गांधी चौक, नया पारा, दुर्गा चौक होते हुए पुनः भाजपा कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं व्यवसायिक संगठनों तथा उनके समर्थकों द्वारा जगह-जगह स्वागत कर उन्हें मिठाई, फल आदि से तौला गया। विप्र भवन के समीप सर्वब्राम्हण समाज के अध्यक्ष श्याम शुक्ला के नेतृत्व में उपस्थित लोगों द्वारा आतिशबाजी के साथ श्री वर्मा का स्वागत किया गया। सिन्धी कालोनी के समीप पूज्य सिन्धी पंचायत के सदस्यों द्वारा स्वागत कर बधाई दी। वहीं नया बस स्टैंड के समीप बलौदाबाजार ट्रक मालिक संघ की ओर से उपस्थित अशोक जैन, सुधिर अग्रवाल, संजीव सिंह, गणेश प्रसाद जायसवाल, संतोष ठाकुर, लकेश जायसवाल, सनोज सिंह, संदीप मिश्रा, रूपेश वर्मा, अशीम विष्णोयी आदि द्वारा श्री वर्मा को लड्डु से तौल कर शुभकानाएं दी गई। चेंबर ऑफ कामर्स के सदस्यो द्वारा नेहरू चौक के समीप श्री वर्मा का स्वागत किया गया।

### शहर के प्रमुख स्थलों से गुजरी मंत्री की आभार रैली, बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यकर्ता





### आभार रैली में शामिल रहे प्रमुख

केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के सम्मान में शनिवार को निकाली गई आभार रैली में चित्तावर जायसवाल, अशोक जैन, विजय केशरवानी, संकेत शुक्ला, पुरूषोत्म सोनी, आलोक अग्रवाल, रोमी साहू, योगेश वर्मा, राजेश वर्मा, रितेश श्रीवास्तव, नरेद्र कश्यप, खोड़स राम कश्यप, सुनीता वर्मा सहित भाजपा संगठन एवं प्रकोष्ठ के सदस्य, महिला मोर्चा के सदस्य और बजरंग दल के सदस्य शामिल थे।

# खाद्य और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने 200 बोरी धान किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के खिलाफ लगातार मंडी एक्ट के तहत कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में 6 से 23 दिसंबर के मध्य खाद्य विभाग और मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा धान जब्ती की कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम द्वारा सारंगढ़ के दानसरा में सतीश कुमार अग्रवाल से 28 बोरी, माधोपाली के बजरंग अग्रवाल से 34 बोरी, भौंरादादर के दिलीप कुमार से 33 बोरी, मल्दा के घनश्याम साहू से 50 बोरी एवं उलखर के बलराम चंद्रा से 55 बोरी अवैध धान जब्त की गई। इस तरह कुल 200 बोरी धान जब्त कर कृषि उपज मंडी सारंगढ़ के सुपुर्द किया गया। ज्ञातव्य है कि जिले में धान खरीदी कार्यों को लेकर प्रशासन लगातार मुस्तैद है। जांच एवं निगरानी के लिए बनाई गई संयुक्त टीम लगातार गड़बड़ी एवं अव्यवस्था की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# अक्षत कलश की आज निकाली जायेगी शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

नगर पंचायत भटगांव में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या से आये अक्षत कलश का पूजन कार्यक्रम एवं भव्य शोभा यात्रा की तैयारी के लिए आज गायत्री प्रज्ञा पीठ भटगांव में बैठक आयोजित की गई, जहां 25 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से कीर्तन मंडली एवं डीजे के साथ नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिये आज नगर के गणमान्य लोगों एवं विभिन्न समिति के सदस्यों द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। इस भव्य शोभा यात्रा में सम्मिलित होने के लिये सभी नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना हैं। बैठक में नगर के पाषर्द, सभी मोहल्लों के प्रमुख और समिति प्रमुख बैठक में शामिल हुए।

# किसी भी खेल में अनुशासन का पालन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

नगर में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम गुरु घासीदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू, नीलू चंदन साहू नगर पंचायत अध्यक्ष, अविनाश मिश्रा प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी जनपद सदस्य, योगेश बंजारे जनपद सदस्य, अशोक यादव पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, खिलावन डहरिया सदस्य जनभागीदारी समिति, नीरेंद्र क्षत्रिय, भावेश यादव, प्रशांत जायसवाल, बसन्त श्रीवास, चन्दन साहू, सुरेंद्र साहू सहित कसडोल नगर के प्रमुख गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक द्वारा झंडारोहण कर मशाल प्रज्वलित किया गया। इसमें खेलो इंडिया के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिमांशु डायमंड, गौतम साहू, निशु यादव, आशी साहू ने प्रमुख रुप से भाग लिया। इसके बाद उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा हाऊस के अनुसार मार्च पास्ट निकाला गया और विधायक को सभी छात्र छात्राओं द्वारा ⏩ शेष पेज 12 पर

■ वार्षिक खेल महोत्सव में शामिल हुए विधायक संदीप साहू







### खेल का हुआ समापन

शाम को खेल का समापन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में थाना कसडोल से थाना प्रभारी लखेश केवट शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को खेल के अनुशासन के बारे बताया गया। इसके बाद खेल में विजय हासिल करने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया। दौड़ 3000 मीटर में प्रथम लोकेश साहू, द्वितीय हिमांशु केवट, तृतीय गौतम साहू और 1500 मीटर की दौड़ में ⏩ शेष पेज 12 पर

## कार्यक्रम में सभी ने विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ ली

# जिले के 6 गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवां

सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जिले के 4 वाहनों से 6 ग्राम पंचायतों मुड़पार बड़े, चांटीपाली, बिलाईगढ़ अ, साल्हेओना, चकरदा, मंधाईभाठा, लिमतरी और कोरकोटी में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान सभी ने विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ ली। धरती कहे पुकार के अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं ने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नाट्य प्रस्तुति दी तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं को जनसामान्य तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोबाइल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की सामान्य जानकारी दी। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि और ड्रोन का प्रदर्शन, मृदा परीक्षण (स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन) का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### गर्भवती माताओं को सुपोषण किट दिया किया

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल में केन्द्र सरकार की योजनाओं और सुपोषण के संबंध में जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया। कृषि विभाग के स्टॉल में किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा जैविक कीटनाशक के उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ एवं रबी की जानकारी दी गई। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। हृदय रोग की रोकथाम, स्वस्थ जीवन हेतु संतुलित आहार के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में मरीजों की सिकलिन जांच, टीबी, स्क्रीनिंग, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, रक्त परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और वितरण किया गया। स्टाल में बड़ी संख्या में अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खाद्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का केवाईसी किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भधान कार्यक्रम और राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम की जानकारी पशुपालकों को प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग और आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के स्टाल में विभागीय योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

### मटिया में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**सुहेला।** एमसीसी क्रिकेट क्लब मटिया द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, मटिया सरपंच बंशीलाल साहू, भाजपा मंडल महामंत्री हेमंत बघमार, जनपद सदस्य महिष जांगड़े, पूर्व महामंत्री डॉ. तोमन साहू, श्रीराम वर्मा ने पूजा-अर्चना कर मैच मोहभट्टा एवं मुढ़ीपार के बीच खेला गया। इस अवसर पर रोशन ⏩ शेष पेज 12 पर

**पाठक सूचना**
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह, निकली कलश यात्रा

**रायपुर।** महावीर नगर रिद्धि-सिद्धि गार्डन कॉलोनी में श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। जहां आयोजक परिवार एवं कॉलोनी की महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर करीब आधा किलोमीटर क्षेत्र में भ्रमण किया। आतिशबाजी के बीच कलश यात्रा आजाद नगर से होते हुए राम रमा कॉलोनी स्थित मंदिर पहुंची, जहां पूजा पाठ के बाद कथास्थल पर पोथी स्थापना की गई। आयोजक परिवार के सुधा-भूपेश केशरवानी ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक बिलासपुर के पं. हरीश पांडेय अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराएंगे। शनिवार को सुकदेवजी के आगमन पर कथावाचक प्रवचन देंगे।

### खाटू श्याम मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा 25 से

**रायपुर।** श्रीखाटू श्याम मंदिर समता कॉलोनी में 25 दिसंबर से श्रीमद् भागवत कथा शुरू होने जा रही है।



वृंदावन धाम से आए कथावाचक डॉ. संजय कृष्ण सलिल भागवत महात्म्य पर कथा वाचन करेंगे। 25 दिसंबर को चिंताहरण हनुमान मंदिर समता कॉलोनी से भव्य कलश यात्रा सुबह 11 बजे निकलेगी। कथा महोत्सव के संबंध में जयकिशन जाखोदिया, नरेश केडिया, विष्णु गोयल, विनय बजाज, संगीता सरावगी ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी।

### अटल जयंती पर संगोष्ठी, विधायक सम्मान समारोह

**रायपुर।** अवंति विहार व्यापारी संघ की ओर से अटल चौक पर 25 दिसंबर को शाम 6 बजे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसमें कुशाभाऊ ठाकरे विवि के कुलपति बल्देव भाई शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज एवं प्रदीप जैन वक्ता के रूप में शामिल होंगे। संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी एवं कार्यक्रम संयोजक कैलाश रारा ने बताया कि संगोष्ठी के बाद नवनिर्वाचित विधायक पुरंदर मिश्रा एवं मोतीलाल साहू का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया जाएगा।

### पंडरी गुरुद्वारा में गरीब महिलाओं को बांटा कंबल विधायक मिश्रा रहे मौजूद

**रायपुर।** पंडरी स्थित गुरुद्वारे में शुक्रवार को गरीब परिवार की 450 महिलाओं को रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के हाथों कंबल वितरित कराया गया। चरणजीत सिंह सलूजा परिवार दशकों से सेवा कार्य में जुटा हुआ है और साल में दो बार गरीब महिलाओं को उनके उपयोग की वस्तुएं दान स्वरूप प्रदान करता है। चरणजीत सिंह सलूजा ने बताया कि इस बार भी पंडरी क्षेत्र के आसपास की बस्तियों में निवासरत गरीब महिलाओं को आमंत्रित किया गया था। कंबल वितरण के लिए पहुंचे विधायक श्री मिश्रा ने अपने हाथों से गरीब परिवारों की महिलाओं को कंबल वितरित किया ।

**आयोजन :** विधायक सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में हुए शामिल, कार्यक्रम की हुई सराहना

# आनंद मेले के पकवानों से महका स्कूल परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां



स्वामी आत्मानंद शहीद विवेक शुक्ला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरसीवां का स्कूल प्रांगण आज तरह-तरह के पकवानों से महक उठा। कहीं समोसे-बड़े बनाए जा रहे थे, तो कहीं भेल चाट तैयार हो रहे थे, तो कहीं मोमोज, सैंडविच, मंचूरियन बर्गर से स्टाल सजा था तो कहीं रसगुल्ला हलवा, छोले भटोरे भरोसा जा रहा था।

यह अवसर था स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम के छात्रों द्वारा आयोजित आनंद मेला का। प्रथम दिवस आनंद मेले का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य आर के मनहर एवं संकुल समन्वयक व प्रधान पाठक एनके दुबे द्वारा किया गया। द्वितीय दिवस का उद्घाटन बिलाईगढ़ विधान सभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक कविता प्राण लहरे ने एसएमडीसी अध्यक्ष गोपाल पांडेय, सरसीवां नगर पंचायत अध्यक्ष नीतीश बंजारे की उपस्थिति में किया। विधायक कविता लहरे ने आनंद मेला की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे छात्रों में रचनात्मक कार्यों के प्रति रुचि जागृत होती है। आनंद मेला प्रभारी उमेश कुमार जांगड़े ने बताया कि स्कूल परिसर में विभिन्न स्टॉल लगाकर 6वीं से 12वीं के छात्रों द्वारा अलग–अलग तरह के पकवान तैयार किए गये थे। खरीदी बिक्री के लिए एक काउंटर से 10 रु का कूपन जारी किया जा रहा था। उस कूपन के बदले में सामान खरीदते थे। प्रथम दिवस 26400 रु एवं द्वितीय दिवस 40200 रु की बिक्री हुई। आनंद मेले में बच्चों के लिए झूला एवं अन्य मनोरंजन के साधन की व्यवस्था की गई थी। आनंद मेला को लेकर छात्रों एवं पालकों में भारी उत्साह था। दो दिनों तक पूरे स्कूल परिसर में चहल–पहल रही। आसपास के छात्र एवं ग्रामीणों ने भी आनंद मेला का लुफ्त उठाया। इस अवसर पर सेवानिवृत प्रभारी प्राचार्य के आर साहू, व्याख्याता डीपी आदित्य, व्याख्याता कमलेश साहू, गेंदराम जायसवाल, प्रधान पाठक मीना जांगड़े कन्याशाला प्राचार्य व्ही के जायसवाल, आरके नायक, मृत्युंजय साहू, आरके साहू, जेपी रात्रे, राजेश नायक, मनीषा यादव, अनामिका खटकर, सचिन धृतलहरे, रसिया भोई, सुंदर खटकर, हेमंत साहू, प्रफुल्ल साहू, अंजलि केवट, शिवप्रसाद टंडन, संतोष त्रिपाठी, एफआर भारद्वाज, कांति साहू, रितु शांडिल्य, कुलदीप खटर्जी, लोकेश खांडे, रजनी राठौर, आयुषी सिंह, रूचि पांडे, भूपेंद्र जांगड़े, पुरुषोत्तम साहू, डीए साहू, सतीश जांगड़े, अभय सतपथी, गायत्री सिंह, शिवशंकर कुर्रे आदि उपस्थित थे।

## छात्रों ने विभिन्न व्यंजनों के 37 स्टार लगाए



**खरोरा।** व्यंजनों की सौंधी खुशबू मनोरंजन के उत्पादक आदि कलेवर व आनंद मेला का भव्य आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर कनकी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य अश्वनी पाठक ने किया। इसमें स्कूल के आसपास ग्रामीण आनंद मेला का आनंद लेने पहुंचे। इस दौरान स्कूली बच्चों ने भी अपनी प्रतिभाएं दिखाई। कार्यक्रम का नाम आनंद मेला रखा गया । जिसमें स्कूल बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों के 37 स्टार लगाए , जिसमें खुद स्कूल के बच्चों से आसपास के ग्रामीणों में पहुंचकर स्कूली बच्चों द्वारा लगाए व्यंजनों के स्टाल में पहुंचकर खरीदी भी की। इस कार्यक्रम में 37 स्टार लगाया गया था। जिसमें 145 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में पोषक गांव के परसदा, सिर्री मादाडीह, चिंगारियां, कनकी देखने और खरीदने के लिए आए। आनंद मेले में छात्र–छात्राओं का विभिन्न ग्रुप द्वारा कृष्णा ग्रुप, भूषण ग्रुप, चंद्रप्रकाश ग्रुप, दुर्गा ग्रुप, भारती ग्रुप, चंचल ग्रुप, मोहन ग्रुप, निशा ग्रुप, लिसा ग्रुप ,राजेंद्र ग्रुप ने विभिन्न व्यंजन गुपचुप, आलू चिप्स, गुपचुप, मिर्ची, भजिया, पोहा, चाय का स्टाल लगाया, जिसमें जमकर खरीदी हुई। इस अवसर पर प्राचार्य अश्वनी पाठक, पूर्णिमा वर्मा, पूर्णिमा, नीलम साहू, सुनीता वर्मा, वसुंधरा, गायत्री, ज्योति वर्मा, वंदना वर्मा, सोनिया राजूधीवर, फुलेश्वरी साहू, दामिनी वर्मा, प्रीति डहरिया, बसंती यादव, मीना वर्मा थे।

■ सरस्वती शिशु मंदिर कनकी में आनंद मेला लगाया गया

## सरपंच संघ ने किया मंत्री टंकराम का स्वागत...



**कसडोल।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार में मंत्री बनने के बाद प्रथम बलौदाबाजार नगर आगमन पर टंकराम वर्मा आज भव्य स्वागत किया जा रहा है। बलौदाबाजार जिले से पार्टी कार्यकर्त्ता एवं जनप्रतिनिधि नवनियुक्त मंत्री वर्मा का स्वागत करने जिला कार्यालय पहुंचे और बारी बारी से स्वागत किए। यह सिलसिला देर रात तक चलते रहा। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े सहित जिले के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इसी कड़ी में सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भरतदास मानिकपुरी के नेतृत्व में जिला सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने भी भाजपा का जिला कार्यालय पहुंच कर मंत्री टंकराम वर्मा के स्वागत किया। इस अवसर पर भरतदास मानिकपुरी के साथ रामफल कैवर्त, हिमांचल पैकरा, लेखराम साहू सहित बड़ी संख्या में सरपंच गण उपस्थित रहे।

## कबाड़ से जुगाड़ मॉडल प्रदर्शनी में भरूवाडीह स्कूल प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा में हुआ, जिसमें कबाड़ से जुगाड़, क्राफ्ट वर्क, माडल प्रदर्शनी एवं क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में संकुल अंर्तगत शासकीय प्राथमिक शाला चांपा, प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल खमहरिया, प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल भरूवाडीह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा के 4 समुह सत्यम, शिवम्, सुंदरम और मधुरम के विद्यार्थियों द्वारा गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं अन्य विषयों पर आधारित अवधारणाओं पर माडल एवं क्रॉफ्ट वर्क पर प्रदर्शनी लगाई गई। प्राथमिक और मिडिल स्कूल के छात्रों में अलग क्विज का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान प्राथमिक शाला चांपा एवं द्वितीय स्थान प्राथमिक शाला खम्हरिया को प्राप्त हुआ। मिडिल स्तर पर प्रथम स्थान भरूवाडीह एवं द्वितीय स्थान खम्हरिया को मिला। कबाड़ से जुगाड़ मॉडल प्रदर्शनी क्राफ्ट वर्क में प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान प्राथमिक शाला भरूवाडीह एवं द्वितीय प्राथमिक शाला चांपा को मिला। मिडिल स्तर पर प्रथम मिडिल स्कूल भरूवाडीह, द्वितीय मिडिल स्कूल खम्हरिया को प्राप्त हुआ।

हायर सेकण्डरी स्तर पर प्रथम स्थान सत्यम ग्रुप को और द्वितीय स्थान मधुरम ग्रुप को मिला। उक्त प्रतियोगिता कार्यक्रम का अवलोकन विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र जोशी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अविनाश तिवारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू एवं टंडन सर के द्वारा किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन संकुल अंर्तगत समस्त विद्यालयों के छात्र छात्राओं एवं शाला विकास समिति के सदस्यों द्वारा भी किया गया। उक्त संकुल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन संकुल प्रभारी लोकेश चंद्र कन्नौजे, प्राचार्य हायर सेकंडरी स्कूल चांपा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक डीलुराम साहू, समस्त प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

■ चांपा में हुई संकुल स्तरीय प्रतियोगिता

**अपहरण कर हत्या करने में सामने आया था नाम**

## हिस्ट्रीशीटर बदमाश रवि साहू जिलाबदर अलग-अलग थानों में 80 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस ने लंबे अरसे बाद हिस्ट्रीशीटर बदमाश रवि साहू के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की है। रवि के खिलाफ अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 80 प्रकरण दर्ज हैं, जिसमें 57 प्रकरण चोरी, मारपीट, हत्या, हत्या की कोशिश के साथ नारकोटिक्स एक्ट तथा जुआ के शामिल हैं, जबकि 23 मामले प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत दर्ज हैं। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के मुताबिक रवि एक वर्ष के लिए रायपुर जिले तथा जिले के सरहदी जिलों में नहीं रह सकता और न ही इस क्षेत्र में उसकी आवाजाही हो सकती है। पुलिस के अनुसार रवि के खिलाफ लगातार शराब, गांजा बेचे जाने की शिकायतें मिल रही थी। इसके साथ रवि अपने गुर्गों में माध्यम से शराब, गांजा तथा जुआ-सट्टे का अवैध कारोबार संचालित कर रहा था। उसके खिलाफ जिलाबदर कार्रवाई करने की फाइल जिला दंडाधिकारी के पास पूर्व से भेजी गई थी।

### एक वर्ष पूर्व हत्या के मामले में नाम सामने आया था

वर्ष 2022 में ढाबा में शराब खरीदी-बिक्री के विवाद पर एक युवक का अपहरण कर हत्या करने का मामला सामने आया था। उस घटना में पुलिस ने रवि को नामजद आरोपी बनाया था। हालांकि बाद में घटना में शामिल सभी आरोपी साक्ष्य के अभाव में कोर्ट से बरी हो गए थे। घटना के कुछ महीनों तक रवि शांत बैठा था। इसके बाद वह पुनः अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने लगा और अपने गुर्गों के माध्यम से गांजा, शराब की अवैध बिक्री कराने के साथ ही जुआ-सट्टा संचालित करने लगा था।

## हायर सेकंडरी में हुई खेलकूद प्रतियोगिता




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

इस वर्ष भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आठ व्यक्तिगत खेल एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कैरम, शटलरन, बोरादौड़, शतरंज, स्लो साइकिल रेस, रस्सी कूद और पांच समूह खेल खो–खो, कबड्डी, रस्साकशी, पिट्टूल और क्रिकेट विद्यार्थियों द्वारा खेला गया। पूरे स्कूल को चार टीमों में विभाजित किया गया था, जो क्रमशः शहीद वीर नारायण सिंह ग्रुप, मंगल पांडे ग्रुप, चंद्रशेखर आजाद ग्रुप, भगत सिंह ग्रुप जिसमें मंगल पांडे ग्रुप ओवरऑल चौंपियन रहे। सभी विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिए और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किये। खेल प्रतियोगिता का आयोजन कनकी स्कूल के खेल प्रभारी पुष्कर साहू द्वारा समस्त स्टाफ के सहयोग किया गया था। खेल के अंतिम दिवस में संस्था प्रमुख सुश्री सीमा मेश्राम द्वारा पुरस्कार वितरण कर खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। खेल प्रभारी पुष्कर साहू द्वारा स्कूल की ओर से प्रत्येक वर्ष स्कूल गेम्स में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को स्कूल के भूतपूर्व खिलाड़ी स्व. अर्जुन ध्रुव की स्मृति में अर्जुन ध्रुव अवार्ड दिया जाएगा।



## गातापार में हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अमेरा

ग्राम गातापार में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामवासी द्वारा आयोजित किया गया है, जिसमें प्रथम उपहार 8001 रुपए आयोजक समिति, द्वितीय उपहार 3001 रुपए दीपक नायक जनपद पंचायत सदस्य पलारी के द्वारा वा तृतीय उपहार 2001 रुपए राजीव युवा मितान क्लब गातापार द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव की सरपंच जानकी ध्रुव, जनपद पंचायत सदस्य दीपक नायक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राम ध्रुव, गैंदराम वर्मा, झाड़ू साहू, मनीष चेलक, ननकू पटेल, अनुज सेन, किशोर यादव, रानू चौबे, सत्या निषाद, तोषण साहू, गंगाधर रजक, कृष्णा ध्रुव, प्रकाश रजक, कलश राय, सुजीत महिलांगे, प्रमोद बांधे, ओमकार बंजारे, छमन यादव, अजय ध्रुव, शिवकुमार मांडले, हेमंत ध्रुव, विकास रजक, योगेश्वर वर्मा, राहुल रजक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## तीन दिनों से राजधानी में रात का पारा 12 डिग्री के आसपास अब 15 तक पहुंचने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



तीन दिनों से राजधानी का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास होने की वजह से अच्छी ठंड महसूस हो रही है। हवा की दिशा में बदलाव होने पर अगले दो से तीन दिन में पारा 15 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। पूर्वी हवा के प्रभाव से अब राज्य में ठंड में उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक तापमान में अचानक गिरावट होने के दौरान ठंड महसूस होती है, मगर पारा उसी स्थिति में रहता है, तो शरीर आदी हो जाता है और ठंड का प्रभाव कम महसूस होने लगता है। रायपुर में पिछले तीन दिनों से रात का तापमान 12 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। अब पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में आने वाली हवा की दिशा पूर्वी होने और नमी की मात्रा बढ़ने के बाद तापमान में बढ़ोतरी का दौर शुरू होने के आसार हैं। अगले दो से तीन दिनों में रात का पारा 15 डिग्री के आसपास पहुंचने से ठंड का असर कम महसूस होगा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाली हवा की दिशा में अभी बदलाव होने की संभावना नहीं है, इसलिए तापमान के साथ ठंड कम-ज्यादा रूप में महसूस होगी। माना जा रहा है कि दिसंबर में ठंड का पीक अब गुजर चुका है और कड़ाके की ठंड की वापसी के लिए जनवरी का इंतजार करना पड़ सकता है। पिछले चौबीस घंटे में सरगुजा के तापमान में भी थोड़ी वृद्धि हुई है और वहां का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से ऊपर जा चुका है। आने वाले दिनों में वहां के पारा में भी वृद्धि होने की गुंजाइश बन रही है।

### बादल आने के आसार

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने की वजह से शनिवार को राज्य के कुछ जिलों में हल्के बादल भी रहने की संभावना है। बादल और तापमान में लगातार बदलाव अगले पांच दिनों तक रहने की संभावना है। इस बार दिसंबर में रायपुर के न्यूनतम तापमान का रिकार्ड टूटा है। पिछले साल पारा 12.8 तक पहुंचा था, जो इसका बार नीचे उतर 12.2 तक पहुंच चुका है।

## पेज 11 के शेष

### किसी भी खेल...

सलामी दी गई। छात्र छात्राओं द्वारा समूह नृत्य के पश्चात विधायक संदीप साहू ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए खेल के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी दी और सबको अनुशासन के साथ नियमों का पालन करते हुए खेल खेलने को कहा। उन्होंने कहा खेल में हार जीत होती है हमें अपने हार से निराश नहीं होना चाहिए और जीत के बार-बार प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों द्वारा लाए गए टिफिन से रोटी का टेस्ट भी किया। उसके बाद उत्कृष्ट विद्यालय की व्यवस्था और प्रमुख सुविधाओं का अवलोकन भी किया। साथ ही 1100 हजार की प्रोत्साहन राशि भी उनके द्वारा दी गई। मुख्य रूप से विद्यालय दौड़ - 100, 200, 1500 और 3000 मीटर, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, तावा फेंक, लिए फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, 400 मीटर दौड़, रिले दौड़, प्रायमरी बच्चों के लिये फुटबाल, बोरा दौड़ और अनेक तरह के खेलों का अयोजन किया गया।

### खेल का हुआ...

प्रथम योगिता साहू, द्वितीय मानसी और लीना जोशी तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त कार्यक्रम के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने कार्यक्रम में आए समस्त अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन किया। उपरोक्त कार्यक्रम संचालित करने में मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा , खेल शिक्षक संजीव कुमार ध्रुव और उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेज़ी एवं हिन्दी माध्यम के समस्त शिक्षक, शिक्षकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मटिया में क्रिकेट...

साहू, कमलेश साहू, महेंद्र साहू, यशवंत साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए खेल को खिलाड़ी भावना से खेलते हुए अपना नाम गांव का नाम रोशन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### पौने दो लाख किसानों को मिलेगा दो साल का बकाया प्रोत्साहन राशि 352 करोड़

**महासमुंद।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर राष्ट्र सहित पूरे राज्य में सुशासन दिवस मनाया जा जाएगा। इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा गत 2 वर्षों का बकाया धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जाएगा। जिले के एक लाख 72 हजार 366 किसानों को 352 करोड रुपए की राशि उनके खातों में सीधे अंतरित किए जाएंगे। इस अवसर पर महासमुंद कृषि उपज मंडी प्रांगण में कार्य का आयोजित किया जाएगा। सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी जीएन साहू ने बताया कि राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के दौरान उपार्जित धान की कुल मात्रा एक करोड़ 17 लाख 33 हजार 995.78 क्विंटल का प्रति क्विंटल 300 रुपए के मान से कुल राशि 352.02 करोड़ रुपए प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। नोडल अधिकारी साहू ने बताया कि किसानों को उक्त दोनों वर्षों का खरीफ विपणन वर्ष में उपार्जित धान के लिए प्रोत्साहन राशि 300 रुपए प्रति क्विंटल के मान से दी जाएगी। उन्होंने बताया कि खरीफ वर्ष 2014-15 में जिले के कुल 81 समिति के 122 उपार्जन केंद्रों में 59 लाख 33 हजार 761.60 क्विंटल धान उपार्जित किए गए थे, जिसका प्रोत्साहन राशि 178.01 करोड रुपए तथा वर्ष 2015-16 में कुल उपार्जित धान 58 लाख 234 क्विंटल उपार्जित धान का 174.01 करोड रुपए जारी किए जाएंगे। इस तरह जिले के कुल 1,72, 366 किसानों को कुल 352.02 करोड़ राशि दो वर्षो का धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि वितरित किए जाएंगे।

### पथरला में धान खरीदी प्रभारी को हटाने के निर्देश

**बसना।** पिथौरा विखं अंतर्गत धान खरीदी केंद्र पथरला का नोडल अधिकारी ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान फड़ में धान की नमी की जांच करने पर किसान देवेंद्र के धान की नमी शासन द्वारा स्वीकृत अधिकतम 17 प्रतिशत से ज्यादा 22.3 प्रतिशत पाया गया, जिस पर नोडल अधिकारी द्वारा कार्रवाई करते हुए खरीदी प्रभारी प्रहलाद प्रधान को निलंबित कर 3 तीन दिवस के भीतर नए प्रभारी नियुक्त करने के आदेश दिए। जैसे ही किसानों को घटना की जानकारी मिली, खरीदी केंद्र पथरला पहुंचकर इसका विरोध करते हुए खरीदी प्रभारी प्रधान को ही खरीदी प्रभारी बनाए रखने की मांग करते हुए खरीदी बंद कर दिया। बाद एसडीएम हेमंत नंदनवार मौके पर पहुंचे। किसानों ने बताया कि खरीदी प्रभारी प्रधान द्वारा शासन से निर्धारित मापदंड एवं बेहतर प्रबंधन के धान की खरीदी की जा रही है। जिस किसान का धान ज्यादा नमी पाया गया उसे खरीदी नहीं की गई है और नमी मापने वाला मशीन भी खराब था। इसके बावजूद नोडल अधिकारी द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई गलत है।

### भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथाकार ने ब्रह्मजी के पंच तत्वों को गिनाया

# भक्ति में सबसे बड़ी बाधा कलुषित मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

समीपस्थ ग्राम सेल में साहू परिवार द्वारा अपने पिता स्व. मोहन लाल साहू की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस व्यासपीठ से पं. अनिल शुक्ला द्वारा वर्णन किया गया कि राजा परीक्षित द्वारा सृष्टि विषयक प्रश्नों का उत्तर शुकदेव जी महराज सुनाए। उन्होंने बताया कि ब्रह्माजी सर्व प्रथम पंच तत्वों को उत्पन्न किए, फिर उन्हीं तत्वों से पिंड और ब्रह्मांड की रचना की। सृष्टि के विस्तार के लिए सनकादि ऋषियों को उत्पन्न किए जो भगवान का प्रथम अवतार माना जाता है, आगे मनु-शतरूपा द्वारा मानवीय सृष्टि का विस्तार पूर्वक वर्णन सुनाया गया।

मनुवंश में भगवान के अवतार कपिल नारायण, यज्ञनारायण और नरनारायण की गाथा सुनाई गई। आगे मनु वंश में एक भक्त का प्रादुर्भाव हुआ जो ध्रुव के नाम से विख्यात हुआ। ध्रुव के पावन चरित्र से महराज ने बताया कि बालक ध्रुव पांच वर्ष की अवस्था में कठिन व्यवस्था में मात्र छः महीने में भगवान को प्रगट करके दिखा और उनकी कृपा को प्राप्त कर आज भी ध्रुव तारा बनकर हमें ज्ञान देते हैं। भगवान की भक्ति में न उम्र बाधक है, न जात-पात, न गरीबी-अमीरी बाधक है। भक्ति में सबसे बड़ा बाधक है तो हमारा कलुषित मन।

कथा श्रवण हेतु साहू परिवार के घर आंगन में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ बढ़ रही है। इस अवसर पर साहू परिवार के सभी सदस्य गण, लीलाधर साहू, रवि साहू, सोनू साहू व समस्त परिवार उपस्थित थे।





### भागवत कथा श्रवण से मनुष्य को अभयत्व की होती है प्राप्ति



**खरोरा।** ग्राम केशला में देवांगन परिवार द्वारा संकल्पित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा के साथ हुआ। देवांगन परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्राम केशला के महिलाएं सुसज्जित होकर बहुतायत संख्या में मंगल कलश धारण कर कलशयात्रा का शुभारंभ किया। किशोरी सुमन मिश्रा को भजन कीर्तन के साथ उत्साह पूर्वक ग्राम भ्रमण करते हुए, तालाब से जलपूजन कर भागवत पंडाल में प्रवेश किया गया। तत्पश्चात पीठपूजन के बाद व्यासपीठ से किशोरी सुमन मिश्रा पंचशील नगर दुर्ग वाले द्वारा भागवत महात्म्य की कथा का व्याख्यान किया गया। किशोरी सुमन मिश्रा ने बताया कि लोग कहते हैं कि मृत्यु के बाद मुक्ति मिलती है, किन्तु भागवत एक ऐसा दिव्य और महान ग्रंथ है, जिसकी कथा श्रवण मात्र से मनुष्य जीते जी ही मुक्त हो जाता है। मनुष्य को अभयत्व की प्राप्ति हो जाती। इस संदर्भ में उनके द्वारा पद्म पुराण में वर्णित प्रमाणित कथा प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। उन्होंने कहा- जब भक्ति महारानी अपने पुत्र ज्ञान व वैराग्य के कारण दुखी हुई तो नारदजी उनके दुख की निवृत्ति के लिए भागवत पुराण की कथा सुनकर भक्ति महारानी को सुख प्रदान किए। वहीं दूसरी महिमा के संदर्भ में धुंधकारी के कुकर्म के कारण प्रेत योनि की प्राप्ति होने पर उनके भाई गोकर्ण द्वारा भागवत कथा सुनाकर उन्हें प्रेत योनि से मुक्ति प्रदान किए। यही भागवत पुराण की दिव्य महीमा है जो जीवों को दोनों परिस्थितियों में तारती है। श्रीमद् भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ 23 से 30 दिसंबर तक आयोजित है। ग्राम केशला के प्रतिष्ठित देवांगन परिवार नाथूराम देवांगन, सुरुचि, राजू, श्यामा, रणजीत, सरोज, राधे, सविता, रमन, संतोषी, रत्तू, सुरेखा द्वारा में आयोजित यज्ञ के लिए भक्तों को अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए आग्रह किया। कथा प्राइमरी स्कूल के पास केसला में दोपहर 2 से संध्या 6 बजे तक जारी रखी जाती है।



# आयुष स्वास्थ्य मेले में 84 मरीजों का हुआ इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

ग्राम तेलासी गुरु अमरदास गुरु बाड़ा धाम में शासकीय आयुर्वेद औषधालय तेलासी द्वारा शनिवार को निःशुल्क आयुर्वेद ग्राम स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें लोगों तक आयुर्वेद, योग, होम्योपैथी एवं घरेलू चिकित्सा के लाभ को पहुंचाने के लिए इस मेले में वातरोग, उदररोग, अर्श, भगंदर, प्रतिश्याय, श्वास, कास, मधुमेह, उच्च-रक्तचाप, चर्मरोग, स्त्रीरोग, नेत्ररोग, कर्णरोग एवं गला संबंधी रोगों के 42 मरीजों का उपचार किया गया। इसमें आयुर्वेद से 12 एवं होम्योपैथी से 30 मरीजों का निःशुल्क उपचार करते हुए दवाएं बांटी गई। साथ ही दिनचर्या, रात्रिचर्या, वनौषधि परिचय तथा स्वस्थ जीवन शैली को अपनाते हुए आयुर्वेद एवं होम्योपैथी के सिद्धांतों की भी जानकारी दी गई।

- तेलासी पंचायत में आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ

इस दौरान गांव लोग धर्मेंद्र कुमार मंडले, संजय सोनवानी, असलम कुर्रे आदि उपस्थित थे। मेले में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों में डॉ. तरिका ठाकुर के साथ-साथ तिलकराम खूटे औष.सेवक, अरुण कुमार कमल पीटीएस आदि ने अपनी सेवाएं दी।

# छात्रों ने किया माता खल्लारी का दर्शन



**बगबुड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय–दतान, खैरा के बच्चों ने वर्ष 2023 का शैक्षणिक भ्रमण किया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर द्वारा 80 बच्चों को सिरपुर, खल्लारी, चंडी माता, मुगईमाता का शैर कराया गया। कोरोना काल के बाद यह पहला शैक्षणिक भ्रमण था। बच्चों ने माता का दर्शन कर खुशी जाहिर की। शिक्षक चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, मोहित रजक, अनुशवर यादव, सतीश भारद्वाज, प्रेमेशवरी, आनंद गोस्वामी, अशफाक खान, शाला नायक लंकेश्वरी निषाद, स्वच्छता सचिव राधिका निषाद, अनुशासन सचिव नरोत्तम निषाद, कीड़ा सहसचिव लक्ष्मी निषाद, छात्र एवं छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहली बार गये थे।

### थैलेसीमिया पीड़ितों की मदद करने रक्तदान शिविर

**रायपुर।** गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सतनामी रेलवे कर्मचारी समिति द्वारा डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां सतनामी समुदाय के साथ अन्य वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त की मदद करना रहा, जहां 29 लोगों ने स्वस्फूर्त रक्तदान किया। संस्था द्वारा कई साल से सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। छठवीं बार यहां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।





# स्काउट गाइड बेसिक कैप में पहुंचे डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

सात दिवसीय आवासीय स्काउट गाइड बेसिक कैम्प के चतुर्थ दिवस प्रशिक्षार्थियों का उत्साह बढ़ाने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के डीईओ एसएन भगत पहुंचे। पूनम सिंह साहू शिविर संचालक स्काउट ने शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस शिविर में जिले के 537 शिक्षक शिक्षिका भाग लेकर स्काउटिंग सीख रहे है। सुबह से लेकर शाम तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्काउटिंग के गुण सीख रहे हैं। दिन की शुरुवात बीपी सिक्स के साथ करते है। योग व्यायाम के साथ साथ ध्वज शिष्टाचार, शिक्षण कार्य किया जाता है। तत्पश्चात नाटिंग सीखते हुए किम गेम्स का मजा लेते हैं। सायं काल होते ही कैम्प फायर किया जाता हैं। इस कार्यक्रम में टोलीवार मनमोहक प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम का आनंद लेते हैं।

शंकर लाल साहू डीटीसी (स्काउट) शिविर संचालक स्काउट ने स्काउटिंग की संक्षिप्त जानकारी दी तथा दीपक कुमार पांडेय जिला सचिव शिविर संचालक स्काउट ने संचालक मंडल का परिचय कराते हुए कैंप में चल रहे विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया।

डीईओ सारंगढ़ एसएन भगत ने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को बताया कि जिले में स्काउट गाइड की गतिविधि को आगे बढ़ाना है। प्रशिक्षक मंडल द्वारा जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उसे गंभीरता पूर्वक आप सभी सीखें और उसे अपने विद्यालय में बच्चों को जरूर बताएं, क्योंकि स्काउट गाइड ही एक ऐसे माध्यम है जो हमें देश से प्रेम करना सीखता है। कैम्प दौरान शिक्षकों का उत्साह बढ़ाने जिला शिक्षा अधिकारी के साथ एसएन बंजारे, प्रमोद महेश, फकीरा यादव उपस्थित थे। शिविर के सफल संचालन हेतु प्रशिक्षक मंडल की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें जगदीश साहू शिविर संचालक स्काउट, जीवन लाल साहू कब शिविर संचालक स्काउट, आनंद राम बघेल, रजनीकला पाटकर, उत्तरा मानिकपुरी, धात्री नायक, गणेशी सोनकर, भागवत प्रसाद साहू, देव देवांगन, ओम प्रकाश चौहान, भगवान प्रसाद बसंत, परमानंद साहू, दानीराम साहू, कार्तिकेश्वर सिंह, रूखमन सिंह सरदार, ओंकारेश्वर श्रीवानी, समय लाल काठे, लक्ष्मण नामदेव, श्याम कुमार साहू, मनोहर लाल साहू, नंद कुमार देवांगन, हीरालाल पटेल, ईश्वर मालाकार, गणेशी सोनकर, आरती सर्वा, मीना जांगडे, अनिता महिष, वृंदावती साहू एवं चंद्रकिरण कोशले सहित प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

**विधायक मिश्रा का आगमन कल :**
**पिथौरा।** रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा 25 दिसम्बर सोमवार को महासमुंद जिले के प्रवास में रहेंगे। आगामी 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम छतीसगढ़ प्रदेश में किया जाएगा। इस अवसर पर सभी विकासखंड वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से राज्य कार्यालय से जुड़ेगें।














विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### क्रिकेट मैच को लेकर युवक से मारपीट

**महासमुंद।** पिथौरा के मिडिल स्कूल मैदान में क्रिकेट मैच को लेकर मारपीट की घटना हुई है। प्रार्थी हिमांश शर्मा पिता प्रमोद 23 साल निवासी वार्ड नं 6 पिथौरा ने पुलिस को बताया कि आरोपी माखन सिन्हा ने उसके साथ क्रिकेट मैच को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पुरस्कार पाकर खिले छात्रों के चेहरे

**रायपुर।** सतता सुंदरी कालीबाड़ी उमा विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यकम शाला प्रांगण स्थित रविंद्र मंच में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तन्मय चटर्जी और अध्यक्षता सपन कुमार धर ने की। अतिथियों ने साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं एवं जिला, क्षेत्रीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र-खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को अकादमी पुरस्कार, स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं नगद पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया।

### उज्ज्वला योजना का लाभ दिलाने भरवाया फार्म

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों के हित के लिए चलाए जा रहे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नगर पंचायत तुमगांव में हितग्राहियों से आवेदन भराया गया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला मंत्री व तुमगांव के पार्षद धर्मेंद्र यादव, वार्ड नं 05 के पार्षद प्रतिनिधि लक्ष्मण पटेल, युवा मोर्चा नेता डोमार पटेल द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में गैस सिलेंडर से वंचित महिलाओं को उज्जवला योजना का फार्म भराया गया और वार्ड में भ्रमण कर आम लोगों के अनेक समस्याओं का निराकरण किया गया।

**प्रतियोगिता : स्वामी आत्मानंद विद्यालय में दो दिनों तक हुई वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता**

# खेलकूद स्पर्धा में छात्रों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी–हिन्दी माध्यम उच्च माध्यमिक विद्यालय सिमगा में वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन शाला परिसर एवं मिनी स्टेडियम में किया गया। खेलकूद का उद्घाटन सरस्वती माता की पूजा उपरांत राज्य गीत एवं राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ किया गया। प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर रेस, सेक रेस, जिक–जेक रेस, मेंढक दौड़, चम्मच दौड़ पूर्व माध्यमिक स्तर पर 50 मीटर रिले रेस, टगा आफ वार बालक-बालिका, कबड्डी बालक-बालिका, उच्चतर माध्यमिक टग ऑफ वार बालक बालिका, कबड्डी बालक बालिका, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, शॉट पुट, 100 मीटर रेस, रिले रेस आदि का आयोजन किया गया। दो दिवसीय खेलकूद में सभी छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिका तथा पालकगण शामिल हुए। प्राचार्य आशीष कुमार शर्मा ने दो दिवसीय कार्यक्रम में बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं बच्चों को खेलकूद और शारीरिक कसरत के बारे में बताते हुए उन्होंने अपना वक्तव्य रखा। कहा कि व्यक्ति की सुंदरता उसके चेहरे से नहीं बल्कि उसके अंदर की सुंदरता से की जाती है, जो हमें खेलकूद और कसरत से प्राप्त होती है।

इस खेलकूद में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने व्यायाम शिक्षक को पूर्ण रूप से सहयोग किया। बालिकाओं ने तरह–तरह के खेल में हिस्सा लिया, जिसमें क्रिकेट, कबड्डी, खो–खो, 100 मीटर रेस, रिले रेस, टैग आफ वार, बैडमिंटन, शतरंज आदि खेल का आयोजन किया गया। इस खेलकूद में बालिकाओं शिक्षकों एवं पालकों का उत्साह अलग ही दिख रहा था।



### अतिथियों ने किया बच्चों के बनाये गए मॉडल का निरीक्षण

मुख्य अतिथि एवं समस्त अतिथि द्वारा बच्चों के बने हुए मॉडल का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा बच्चे शिक्षक एवं पालकों को संदेश देते हुए कहा गया कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का प्रथम लक्ष्य होना चाहिए और जो बच्चा कमजोर है, उसमें विशेष ध्यान देकर उसे आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विकासखंड शिक्षा आधिकारी सिंह ने बच्चों को रोज कुछ नए सीखने एवं उसे अपने जीवन में डालने के लिए बताया। आशीष कुमार शर्मा प्राचार्य ने पूरे विद्यालय परिवार की ओर से समस्त अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### फन फेयर में बच्चों ने लगाए भोजन एवं पकवान के स्टॉल

अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी, वाणिज्य प्रदर्शनी और फन फेयर का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। बच्चों ने विज्ञान के रोचक-रोचक मॉडल जिसमें वर्किंग मॉडल एवं नॉन वर्किंग मॉडल दोनों शामिल थे तथा वाणिज्य प्रदर्शनी में बच्चों ने वाणिज्य से जुड़े कई सारे उपयोगी मॉडल बनाए थे। जैसे बैंक इंश्योरेंस के प्रकार बिजनेस स्टडीज के मॉडल इंडस्ट्रीज फैक्ट्री आदि शामिल थे। फन फेयर में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल एवं स्वादिष्ट भोजन एवं पकवान(गुपचुप चाट, भेल, कुल्हड़ पिज्जा, इडली पुलाव, सैंडविच फ्रूट सलाद कस्टर्ड कोल्ड ड्रिंक दूध फरा) का स्टॉल लगाया था, जहां बच्चे, पालक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीएल देवांगन जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार, आरके सिंह विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा, संतोष शर्मा, सत्यव्रत मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# गीता जयंती पर हुआ तुलसी पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

जिले के ग्राम भवानीपुर में गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम रखा गया। इसमें मुख्य वक्ता साध्वी सुशीला बहन ने कहा कि आज मोक्षदा एकादशी व गीता जयंती के पावन संयोग पर हम सबको भगवन्नाम का संकीर्तन करते रहना है। गीता के श्लोक का पाठ करना चाहिए, क्योंकि गीता में आता है कि – गीता या श्लोक पाठेन, गोबिंद स्मृति कीर्तनात । साधु दर्शन मात्रेण, कोटि तीर्थ फलत लभेत। अर्थात – दुनिया में गीता जैसा कोई ग्रंथ नहीं है। तत्पश्चात 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन दिवस की महिमा बताकर उपस्थित श्रद्धालुओं को विधिवत तुलसी पुजन कराया गया। कार्यक्रम में कामता साहू, नरेंद्र चन्द्राकर, योगेश वर्मा, मनीष दुबे, चुड़ामनी साहू, सीयाराम साहू, हेमराम पटेल, श्री योग वेदान्त सेवा समिति के संरक्षक मनीराम यादव, प्रेमकमार चन्द्राकर, विरेन्द्र कुमार साहू व समिति के सभी साधक एवं जिले के सभी समिति अध्यक्ष के अलावा विभिन्न पंचायतों के सरपंच, आसपास गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ट्रक ड्राइवरों को लगवाया गया हेपेटाइटिस बी और सी का टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



अल्ट्राटेक सीमेंट रावन संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एबोंग और मानब संसाधन प्रमुख बिनोद नांबियार के मार्ग दर्शन में रावण सीमेंट ट्रक पार्किंग क्षेत्र में शुक्रवार को हेपेटाइटिस बी और सी की दूसरी खुराक का टीकाकरण कैंप आयोजित किया गया। इसमें स्वास्थ विभाग सुहेला, सीएचसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. मनोहर के नेत्रत्व में, श्वेता शर्मा जिला महामारी विशेषज्ञ के सहयोग, अल्ट्राटेक सीमेंट सयंत्र से मेडिकल, लॉजिस्टिक और सीएसआर का संयुक्त आयोजन में कैंप लगाया गया। कैंप को सफल बनाने में मेडिकल टीम से कमलेश्वरी तिवारी आरएचओ, राजकुमार साहू आरएचओ द्वारा टीकाकरण किया गया और रावन मेडिकल से डॉ. और डॉ. श्रीराम, लॉजिस्टिक विभाग विभाग प्रमुख रत्नेश शुक्ला और लॉजिस्टिक अधिकारी भास्कर शुक्ला, अभिषेक चंदा, प्रकाश जेना, युगल शर्मा, दुर्गा प्रसाद और सीएसआर से सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना और सीएसआर टीम की का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कैंप में अल्ट्राटेक रावन सीमेंट संयंत्र के ट्रक ड्राइवरों को हेपेटाइटिस बी और सी की वैक्सीन लगाई गई।








